हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–21 : जौनपुर, शुक्रवार 09 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## भ्रष्टाचारियों को सीएम योगी की खुली चेतावनी : जब्त करेंगे सात पीढ़ी की कमाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आर–पार की लड़ाई का ऐलान किया है। उन्होंने कहा है बीते 05 सालों में जैसे माफिया राज का खात्मा कर प्रदेश को दंगामुक्त बनाया गया है, अब उसी तरह भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम शुरू होगी। भ्रष्टाचारी कोई भी हो, जीरो टॉलरेंस के साथ उसकी 07 पीढ़ियों की इकट्ठा की गई संपत्ति का अधिग्रहण किया जाएगा और उसका उपयोग गरीबों के हित में होगा। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को वीरबहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनता से मुखातिब थे। जौनपुर जिले के लिए ₹258 करोड़ की 116 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों की भ्रष्टाचारपोषी नीतियों का राजफाश भी किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार 2017 के पहले की सरकारों के 'जीन' में शामिल था। तब अपने ठेकेदारों और गुर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार योजनाएं बनाती थीं। हर 'काम' का 'दाम' पहले से तय होता था। सत्तापोषित भ्रष्टाचार का यह रैकेट घुन की तरह पूरे प्रदेश की व्यवस्था को खोखला कर रहा था, जिसका खामियाजा पूरे प्रदेश को भुगतना पड़ता था। लेकिन आज परीक्षाएं हों या नियुक्तियां, सबमें शुचिता और पारदर्शिता है। शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। जनसभा से पहले स्व. उमानाथ सिंह मेडिकल कॉलेज और एसटीपी की क्रियाशीलता का निरीक्षण करने की जानकारी देते हुए सीएम ने कहा कि जौनपुर जैसा असीमित संभावनाओं वाला जिला दशकों से विकास की आस में था, आज उसे वह सब कुछ मिल रहा है, जिसका जौनपुर हकदार है। जौनपुर के सुप्रसिद्ध इत्र और इमरती का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यहां के पारंपरिक इत्र कारोबार को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार हो गई है,तो इमरती की जीआई टैगिंग कराई जा रही है। जौनपुर के इत्र और इमरती की सुगंध और मिठास अब वैश्विक होने जा रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' में सबका योगदान जरूरी शासन की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प से लोगों को जोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि हर किसी को अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी और शुचिता बनाये रखनी होगी। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को पूरा करने में सभी का सहयोग जरूरी है। खास मौके पर सीएम ने 'मातृभूमि योजना' का परिचय भी कराया और कहा कि अब कोई भी अपने गांव/शहर के विकास में सीधी भागीदारी कर सकता है। सीएम ने ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर होने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत/शहरी निकायों को स्मार्ट बनाने के लिए प्रदेश सरकार वित्तीय सहयोग भी देगी। कार्यक्रम में सीएम ने उत्तर प्रदेश में स्वतंत्रता संग्राम और जौनपुर की भूमिका विषयक पुस्तक का विमोचन भी किया। हाल ही में जारी एनसीआरबी रिपोर्ट का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में सुरक्षा, शांति और समृद्धि के अपने संकल्प को दोहराया और कहा कि सरकार के संवेदनशील कोशिशों से प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है और रोजगार के नए माध्यम बन रहे हैं। नतीजतन, आज प्रदेश की ऊर्जा और प्रतिभा का पूरा उपयोग प्रदेश के विकास में हो रहा है। इन परियोजनाओं का







हुआ लोकार्पण विकासखंड धर्मापुर के ग्राम चौरसण्ड में वृहद गो–संरक्षण केन्द्र राजकीय इंटर कॉलेज, केराकत लपरी–जपटापुर के मध्य नाले पर बॉक्स कलवर्ट तथा पहुंच मार्ग उधौरा–निभापुर–कबीरपुर मार्ग के किमी 01 से निकलकर सतहरिया–बनिया बस्ती संपर्क मार्ग सेऊर–रामनगर–नेवढ़िया तरती मार्ग के किमी 04 से परेवा हरिजन बस्ती संपर्क मार्ग इन परियोजनाओं की रखी आधारशिला मलेथु चौरा मार्ग के वरुण नदी पर सेतु पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य नगेसरा–पुरेलला गांव के मध्य नगेसरा घाट पर बसुही नदी पर सेतु पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य कस्तूरबा गांधी विद्यालय (मुंगराबादशाहपुर, सुजानगंज, मछलीशहर,मड़ियाहूं और जलालपुर) में छात्रावास कस्तूरबा गांधी विद्यालय (महराजगंज, करंजाकला एवं सुइथाकला) में छात्रावास एवं एकेडमिक ब्लॉक। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मल्हनी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिकरारा को उच्चीकृत करते हुए 100 शैय्यायुक्त चिकित्सालय 132 केवी विद्युत उपकेन्द्र मुंगराबादशाहपुर (उकनी) से 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सीड सतहरिया हेतु नई 33 केवी लाइन 50 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण जलापूर्ति योजना जरूरतमंदों को दिया शासन का संबल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आम आदमी की सहायता के लिए संचालित अनेक शासकीय योजनाओं के पात्र जनों को लाभान्वित भी किया। इसके तहत, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी) तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी दी, तो, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना एवं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के लाभार्थियों को लैपटॉप/टेबलेट/स्मार्टफोन, स्वयं सहायता समूह ओडीओपी कार्यक्रम, पीएमईजीपी योजना, एमवाईएसवाई योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका सहायता योजना, पीएम स्वनिधि योजना, कृषि यंत्रीकरण योजना, एग्री जंक्शन योजना , कस्टम हॉयर सेन्टर, सोलर पम्प योजना, माइको एरिगेशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के लाभार्थियों को व्हील चेयर/छड़ी, आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया।

## आर्मी अफसर बनने के लिए एक और जरूरी गुण है जिसे कहा जाता है सोशल एडपटेबिल्टी या सामाजिक अनुकूलनशीलता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में इस बात की काफी अहमियत है। यदि विश्लेषण करें तो आप ज्यादातर समाज में हर तरह के लोगों के संपर्क में आते हैं, जैसे घर में दादा दादी , माता पिता और भाई बहिन, घर के बाहर आपके मित्र, पडोसी, शिक्षक या फिर कई अनजान व्यक्ति। हम किस तरह से हर तरह के लोगों से वार्तालाप करते हैं या फिर संपर्क बढ़ाते हैं वही हमारी सामाजिक अनुकूलनशीलता को दर्शाता है। इस काबिलियत को और निखारने के लिए आवश्यक है कि आप अपने परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों, अज्ञात व्यक्तियों के साथ बातचीत और घुलने–मिलने एवं स्कूल, कॉलेज या किसी संगठन गतिविधि में सक्रिय भागीदारी लें। इसके अलावा अलग–अलग परिस्थितियों जैसे यात्रा करना, नए लोगों से मिलना, जगहों पर जाना आदि में खुद को ढालें। सबसे महत्वपूर्ण है कि आप एक सामाजिक दायरे या नेटवर्क का हिस्सा बनें। इसलिए इन पहलुओं को




विस्तार से समझने के लिए, वरिष्ठ सलाहकारों से संपर्क करें जो अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं। जीएसएम डिफेंस एकेडमी एक ऐसा ही प्लेटफॉर्म है जो कि लखनऊ में 4 सीनियर आर्मी ऑफिसर्स द्वारा संचालित किया जा रहा है।

## विवेकानन्द यूथ एवार्ड पुरस्कार हेतु प्रस्ताव 15 सितम्बर 2022 तक महानिदेशालय लखनऊ जमा किये जाने का निर्देश प्राप्त

जौनपुर सू.वि. : युवा कल्याण एवं प्रा०वि०द० विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में व्यक्गित श्रेणी के अन्तर्गत विवेकानन्द यूथ एवार्ड पुरस्कार हेतु प्रस्ताव 15 सितम्बर 2022 तक महानिदेशालय लखनऊ जमा किये जाने का निर्देश प्राप्त है। इच्छुक युवक/युवती विकास कार्यक्रमों के विभिन्न क्षेत्रों यथा खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्पबचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जलसंरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचानालय की स्थापना एवं संचालन जैविक खेती, सौर्य उर्जा संयन्त्र स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम राष्ट्रीय एकीकरण साक्षरता, आपदा प्रबन्धन, मतदाता जागरुकता, स्वास्थ्य अनुसंधान कला, संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों को बढ़ावा देना, पर्यटन, पारंपरिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा इत्यादि राष्ट्रीय अथवा सामाजिक महत्व के किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को विशिष्ट पहचान देने हेतु प्रदान किया जायेगा। इच्छुक युवा कार्यालय दिवस में विकास भवन के तृतीय तल पर उपस्थित होकर आवेदन का प्रारुप प्राप्त कर 13 सितम्बर 2022 तक आवेदन जमा करे। इस आशय की जानकारी वैभव सिंह जिला युवा कल्याण एवं प्रा०वि०द० अधिकारी जौनपुर द्वारा दी गयी है।

## एसटीएफ की जांच में फर्जी निकली शिक्षिका : बर्खास्तगी तय

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिले में कूटरचित दस्तावेज के सहारे परिषदीय स्कूल में 12 वर्षों से कार्यरत शिक्षिका एसटीएफ की जांच में फर्जी निकली है। एसटीएफ ने जांच रिपोर्ट बीएसए कार्यालय को सौंपकर कार्रवाई का निर्देश दिया है। जिसके बाद से विभाग की ओर से शिक्षिका की बर्खास्तगी की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। भटहट ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय रामपुर बुजुर्ग में कार्यरत सहायक अध्यापक ममता कुमारी के खिलाफ एसटीएफ को कूटरचित दस्तावेजों के सहारे नौकरी करने की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान शिक्षिका की ओर से इस्तेमाल किए गए शैक्षणिक दस्तावेज फर्जी मिले हैं। अब तक 86 फर्जी शिक्षक हुए हैं बर्खास्त बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से अब तक कूटरचित दस्तावेजों के सहारे जिले के परिषदीय विद्यालयों में नौकरी हासिल करने वाले 86 शिक्षकों को बर्खास्त किया गया है, जबकि 84 शिक्षकों पर जिले के अलग–अलग थानों में संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों ने मुकदमा दर्ज कराया है। इन शिक्षकों ने दशकों तक कूटरचित दस्तावेज के पर नौकरी कर 39 करोड़ 93 लाख, 45433 रूपये वेतन के रूप में लिए हैं। बीएसए आरके सिंह ने कहा कि कूटरचित दस्तावेज के सहारे कार्यरत शिक्षिका की जांच रिपोर्ट एसटीएफ की ओर से विभाग को मिली है। शिक्षिका को बर्खास्त किया जाएगा। इसके लिए कार्रवाई चल रही है।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं का तत्काल करें समाधान– सीडीओ

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सीडीओ संजय कुमार मीना ने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण शीघ्र ही नियमानुसार किया जायेगा। सीडीओ ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी को निर्देश दिये कि सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं का निस्तारण समयानुसार किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद, सुरक्षा, बैंक से सम्बन्धित और अन्य समस्याओं का निस्तारण शीघ्र किया जाए। विकास भवन सभागार में डीएम कृष्ण करुणेश के निर्देश पर सीडीओ संजय कुमार मीना जिला सैनिक कल्याण बन्धु समिति की बैठक कर रहे थे। बैठक में सीडीओ संजय कुमार मीना जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सहित समस्त भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित उपस्थित रहे। डीएम ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना तथा उनके समाधान हेतु दिशा निर्देश पारित कर दिए। फिलहाल आज हुई बैठक में 14 भूतपूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याओं को रखा। सीडीओ ने अफसरों से साफ कहा कि पूर्व सैनिकों की सम्मान सहित उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। आज की बैठक में अधिकतर भूतपूर्व सैनिकों के मामले जमीनी विवाद के रहे हैं जो दलालों के चक्कर में फस कर जमीन रजिस्ट्री कराएं लेकिन अभी तक है कब जा नहीं पाए जो आज के बैठक में अधिकारियों के समक्ष अपनी पीड़ा बताते हुए कहा उन्होंने कहा कि संबंधित थानों को निर्देश दिए जाएं कि पूर्व



सैनिक तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद जैसे विषयों की शिकायतों के लिए थाना दिवस में भी उपस्थित होकर शिकायतें सुनी जाएं ताकि उनका समाधान जल्द किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने मौजूद पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से बातचीत करे कहा कि उन्हें अपनी समस्याओं को लेकर परेशान होने की जरुरत नहीं है। उनकी सुनवाई में कोताही नहीं बरती जाएगी। जिसके लिए अफसरों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अगर किसी पूर्व सैनिक को या उनके आश्रित को किसी प्रकार की दिक्कत होती है तो हमारे कार्यालय में पहुंचकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएं जिससे उनके समस्याओं का निराकरण निष्पक्ष गुणवत्ता युक्त कराया जाएगा जिससे पूर्व सैनिक को न्याय उचित न्याय मिल सकेगा।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## प्रवक्ता विजय कुमार मिश्रा ने दिया अग्निशामक यंत्र का प्रशिक्षण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय के प्रागण में अग्निशामक यंत्र के प्रयोग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डी०एल०एड०, बी०एल०एड० व बी0एड0 के प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्रबंधक अवधेश सिंह कार्यकारिणी समिति की सदस्या मुन्नी देवी, निदेशक डॉ अमित कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० बी०बी० सिंह एवं प्राचार्या डॉ० विजया रानी वर्मा व महाविद्यालय के प्रवक्तागण व ऑफिस कर्मचारी कमलेश कुमार, सुधीर त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे । प्रशिक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्रवक्ता विजय कुमार मिश्रा द्वारा अग्निशामक यंत्र के प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं आग लगने के कारण, विभिन्न स्थान एवं आग बुझाने के अनेक साधनों की जानकारी सही प्रयोग एवं बचाव के उपायों की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

### मि0ए0ई0डि0उ0प्र0 के प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न : 23 तक मांग न पूरी होने पर करेंगे घेराव एवं आत्मदाह

लखनऊ दै. देश की उपासना ब्यूरो : मिनिस्टीरियल एशोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेन्ट उ0प्र0 के प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चौधरी चरण सिंह सभागार सिंचाई विभाग लखनऊ में आज दिनांक 09/09/2022 को संपन्न हुई। उक्त बैठक में कर्मचारियों के साथ हो रहे उत्पीड़न एवं उनके हितों की उपेक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें मुख्य रुप से कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर्मचारियों




की प्रोन्नति एवं पदस्थापना समय पर न किया जाना तथा मि0ए0ई0डि0उ0प्र0 के लेटर पैड का तथाकथित पदाधिकारी बनकर फर्जी पैड का दुरुप्रयोग किये जाने एवं जालसाजी करनें वाले के विरुद्ध जांच कार्यवाही पूर्ण होनें के उपरान्त भी विभाग के अधिकारियों द्वारा उक्त के विरुद्ध कार्यवाही न किया जाना इत्यादि प्रमुख मांगों पर कार्यवाही किये जानें की मांग संगठन की बैठक में प्रदेश भर से आये हुए जनपद अध्यक्ष/मंत्री एवं प्रदेश पदाधिकारियों के साथ–साथ संगठन के सदस्यों द्वारा कार्यवाही किये जाने की मांग की गई। उक्त कार्यक्रम को सर्व श्री जगदीश सिंह पाल, राम आसरे गुप्ता संरक्षक, अजय यादव, सुखवीर सिंह,सन्त सिंह, शुशील शर्मा, दीपक सिंह, रामचन्द्र गुप्ता, रामेन्द्र, प्रभुदयाल द्वारा संबोधित किया गया। प्रान्तीय कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कृतार्थ सिंह ने बताया कि यदि सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा कर्मचारी समस्याओं पर एवं संगठन की बैध मांगों पर समय रहते कार्यवाही नहीं की गई तो बड़े पैमाने पर व्यापक आन्दोलन की रुपरेखा बनाई जायेगी 23 सितम्बर 2022 को प्रमुख अभियन्ता कार्यालय का घेराव किया जायेगा जिसके लिए सिंचाई विभाग के विभागाध्यक्ष तथा भ्रष्ट अधिकारी जिम्मेदार होंगे। खराब स्वास्थ्य के कारण मुख्य संरक्षक एवं सलाहकार अजय सिंह द्वारा कार्यक्रम में भाग नही लिया जा सका किन्तु उनके द्वारा यह सन्देश दिया गया कि यदि शीघ्र ही मांगों को नहीं माना जाता तो मेरे द्वारा की गई घोषणा के अनुसार प्रमुख अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में दिनांक 23 सितम्बर को प्राण त्यागनें के लिए मुझे बाध्य होना पड़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृतार्थ सिंह प्रान्तीय अध्यक्ष एवं संचालन गोवर्धन सिंह प्रदेश महामंत्री द्वारा किया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

प्यार हमेशा सॉरी बोलना पसंद करता है जबकि अहंकार हमेशा सॉरी सुनना पसंद करता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

### हिमालय से जुड़ा है हमारा अस्तित्व : इस पर मंडराते खतरों की अनदेखी भारी पड़ेगी

आपदाओं ने हिमालय को घेर लिया है। यहां होने वाली तमाम घटनाओं के लिए दो तरह के कारण जिम्मेदार हैं। पहला कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पृथ्वी के बढ़ते तापक्रम व जलवायु परिवर्तन से जुड़ा है और दूसरा है, स्थानीय स्तर पर प्रतिकूल ढांचागत विकास की पहल।

हम हिमालय के प्रति अभी तक गंभीर नहीं हुए। इसके बिगड़ते हालात के लिए मात्र सरकारों को कोसना ठीक नहीं, बल्कि हमने भी इसके प्रति अपनी जिम्मेदारियों को नहीं समझा। हमने भी हिमालय में विकास की वही रट लगाई, जो देश के अन्य हिस्सों में लगी रहती है। उसके दुष्परिणाम तो झेलने ही पड़ेंगे। वैसे आदिकाल से आज तक अगर हिमालय के प्रति संवेदनाएं जुटी हैं, तो वेद पुराणों में साधु–संतों के अलौकिक वर्णन ने इसकी गरिमा को हमेशा उच्च स्थान पर रखा और इसके महत्व को समझा और समझाया।

आदिकाल से गंगा, यमुना और ब्रह्मपुत्र की कथाएं हिमालय की आध्यात्मिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण तथा महत्व को दर्शाती रही हैं। कैलाश मानसरोवर के जन्म के बाद देश भर की प्रमुख नदियां और नदी तट पर विकसित सभ्यताएं हिमालय की ही देन हैं। असल में केंद्र सरकारों ने हिमालय में राज्यों के गठन के बाद अपने कर्तव्यों की इतिश्री मान ली थी। और यह मान लिया कि अब राज्यों की ही जिम्मेदारी होगी कि प्रकृति के संरक्षण के साथ वे आर्थिक, सामाजिक सुरक्षा का भी दायित्व उठाएंगी। लेकिन ऐसा कभी नहीं हो पाया।

राज्य तो बनाए गए, लेकिन उनके विकास की शैली भिन्न नहीं थी। हमने उसी शैली को अपनाया, जो मैदानी क्षेत्रों के विकास की कल्पना पर आधारित थी। इसमें मुख्य रूप से आधारभूत ढांचा था, जो किसी भी क्षेत्र के लिए विकास का आधार होता है। हमने अपनी परिस्थितियों में कोई बड़ा परिवर्तन न कर उसी तर्ज पर हिमालय के विकास की नींव रखी। हमने कभी इसकी संवेदनशीलता को गंभीरता से नहीं लिया। अब आपदाओं ने हिमालय को घेर लिया है। यहां होने वाली तमाम घटनाओं के लिए दो तरह के कारण जिम्मेदार हैं।

पहला कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पृथ्वी के बढ़ते तापक्रम व जलवायु परिवर्तन से जुड़ा है और दूसरा है, स्थानीय स्तर पर प्रतिकूल ढांचागत विकास की पहल। इन दोनों ने करेले व नीम का काम किया। आज किसी भी छोटी–मोटी आपदा में जान–माल का नुकसान कई गुना बढ़ गया है। जिस तरह से लगातार हिमालय के हालात अनवरत बिगड़ते चले जा रहे हैं, हमें कल्पना करनी चाहिए कि यदि हिमालय नहीं होता तो क्या होता! इसके न होने से हमारा अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

देश का भूगोल ही कुछ और होता। सभ्यताएं जो नदियों से ही पनपी हैं, उनका अस्तित्व नहीं होता। जलवायु पूरी तरह भिन्न होती। संसाधन जो हमारे जीवन का आधार हैं, उनमें शून्यता आ जाती। टेथीज सागर में पांच करोड़ साल पहले हिमालय का जन्म फोल्ड माउंटेन के रूप में हुआ। समुद्र के गर्भ में यूरेशियन और इंडियन प्लेट के टकराने से इसका जन्म हुआ। अभी तक इसके बनने की प्रक्रिया निरंतर है। पांच मिलीमीटर प्रतिवर्ष की दर से अब भी हिमालय अपनी ऊंचाइयों की तरफ बढ़ रहा है।

यह सब उन तमाम ज्यादतियों के बाद है, जो हमने हिमालय के ऊपर की है। हिमालय नहीं होता, तो देश में सीमा प्रहरी भी न होता। पारिस्थितिकीय दृष्टिकोण से भारतीय उपमहाद्वीप टुंड्रा प्रदेश जैसा होता। अत्यधिक गर्मी और अत्यधिक शीत लहर यहां पर जीवन को दूभर कर देती। हिमालय के न होने का मतलब मानसून का न होना होता। उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक जल से आच्छादित होने का वरदान भी न होता। देश के वनों की स्थिति पूरी तरह बदली होती।

इसकी नदियों से उत्पन्न देश की हरित और श्वेत क्रांति जैसे बड़े आर्थिक आंदोलन नहीं होते। संस्कृति, सभ्यता के स्रोत हिमालय से वंचित रहते। और सबसे बड़ी बात प्रभु भगवान बदरीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री और तमाम धर्मों के प्रमुख, जिन्होंने हिमालय को ही अपना वास बनाया, वे भी आज हमारे साथ नहीं होते। हिमालय एक जलवायु नियंत्रक के रूप में काम करता है। हम इस नियंत्रण प्रक्रिया से पूरी तरह वंचित होते, और हमारी परिस्थितियां पूरी तरह विपरीत होतीं। इसी तरह से हम जैव–विविधता से भी वंचित होते।

हिमालय के 11 राज्य भी नहीं होते और उनसे जुड़े लोग भी नहीं। हिमालय क्षेत्र के मात्र पांच करोड़ लोग ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के करीब दो अरब लोगों का इससे अस्तित्व जुड़ा है। कहने का आशय यह है कि समय पर अगर सही निर्णय नहीं लिए गए, तो हम वह सब कुछ खो देंगे, जो उपहार के रूप में हिमालय ने हमको दिया था। वैसे भी दुनिया में हर तरह की पर्यावरणीय विपदाएं हमें घेर रही हैं। अपने ही देश में अब पीने के पानी से लेकर प्राण वायु तक के संकट आने लगे हैं।

साथ में मिट्टी के जहरीले होने की खबर भी लगातार आ रही है। अब देश भर में खेती–बाड़ी को भी अंकुश लगा समझिए। देश के इस पर्यावरणीय संकट में हिमालय ही संकट मोचक की भूमिका में हो सकता है। हम जल और वायु को लेकर हिमालय पर ही निर्भर हैं। हिमखंड हैं, तो नदियां भी हैं। हमारी 65 प्रतिशत पानी की आवश्यकताएं इन्ही हिमखंडों से जुड़ी हैं। वन हैं, तो वायु भी है और मिट्टी भी। इन्हीं संसाधनों को लेकर के हमें हिमालय के प्रति गंभीर होना चाहिए। ताकि भविष्य के लिए संसाधनों को सुरक्षित रख सकें। नए सिरे से हमें हिमालय को समझना चाहिए और इस पर ही आधारित अपनी रणनीतियां तैयार करनी चाहिए।

इस बार हिमालय दिवस का विषय ही हिमालय को एक जलवायु नियंत्रक के रूप में दर्शाना है। यह हमारी सभी आवश्यकताओं की आपूर्ति करता है, साथ में अध्यात्म से लेकर पर्यटन व प्रकृति तक को साथ जोड़ता है। यह मात्र यहां के निवासियों का ही जीवन का स्रोत नहीं, बल्कि देश के एक बड़े हिस्से का हर रूप में पारिस्थितिकी केंद्र भी है। इसलिए हिमालय को संरक्षित करने का दायित्व मात्र सरकारों के ऊपर ही नहीं छोड़ा जाना चाहिए, बल्कि हर व्यक्ति व समाज जिसने किसी न किसी रूप में हिमालय को भोगा है, उसे आगे बढ़कर हिमालय की सेवा कर अपनी आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित करना चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## गला दबाकर पत्नी को दी दर्दनाक मौत : बोरे में भरकर शराब ठेके के गोदाम में फेंका शव

कानपुर ब्यूरो : कानपुर के पनकी इंडस्ट्रियल एरिया में शराब ठेके के सेल्समैन ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को बोरे में भरा और ठेके के गोदाम में फेंक दिया। पत्नी का भाई कानपुर पहुंचा तब घटना का खुलासा हुआ। आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पनकी गंगागंज भाग 4 निवासी पवन कुमार पनकी इंडस्ट्रियल एरिया साइड नंबर तीन स्थित अंग्रेजी शराब ठेके पर सेल्समैन है। 7 सितंबर को सेल्समैन पवन की पत्नी शिवा (32) उसके ठेके पर पहुंची थी। वहां पर दोनों का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इससे नाराज पवन ने पत्नी की रस्सी से गला घोट कर हत्या कर दी और शव को बोरे में भरकर गोदाम में फेंक दिया। महिला से संपर्क ना होने पर मायके पक्ष ने पड़ोसियों से जानकारी की। शुक्रवार सुबह मृतका का भाई पवन के घर पहुंचा। वहां से पूछताछ करते हुए




ठेके और फिर गोदाम में पहुंच गया। गोदाम में बहन का शव देख उसके होश उड़ गए। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद फॉरेंसिक फील्ड यूनिट को बुलाया गया। आरोपी पति पवन को इलाके से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पनकी इंस्पेक्टर अंजन कुमार सिंह ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि पवन के भाई के कोई बच्चे नहीं थे। इस कारण उसने अपना एक बच्चा भाई को गोद दे दिया। जिस पर पति–पत्नी में विवाद चल रहा था।

## अवनीश अवस्थी को मिल सकती है अहम जिम्मेदारी : सियासी गलियारों में यह है चर्चा

लखनऊ ब्यूरो : अपर मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए अवनीश अवस्थी को जल्द ही प्रदेश में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। चर्चा है कि उन्हें नीति तय करने संबंधी जिम्मेदारी मिल सकती है। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिए जाएंगे। विस्तार पाने की तमाम चर्चाओं के बीच 31 अगस्त को अवनीश अवस्थी सेवानिवृत्त हो गए थे। उप्र.एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) समेत उनके सभी विभागों का कार्यभार प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री व सूचना संजय प्रसाद को सौंप दिया गया। अवस्थी के पास गृह के अलावा गोपन, वीजा–पासपोर्ट, जेल प्रशासन एवं सुधार, सतर्कता विभाग, धर्मार्थ कार्य विभाग की जिम्मेदारी थी। वह यूपीडा व उप्र. स्टेट हाईवेज अथॉरिटी (उपशा) के सीईओ और डीजी जेल भी थे। ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त चार्ज भी उनके पास था। अवनीश अवस्थी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफी भरोसेमंद और सबसे पावरफुल ब्यूरोक्रेट रहे हैं। अवस्थी 1984 के बाद सबसे लंबे समय तीन वर्ष एक माह तक गृह विभाग का मुखिया रहने का रिकॉर्ड बना



गए। उनका कार्यकाल एक अगस्त, 2019 से 31 अगस्त, 2022 तक रहा। इससे पहले आरसी टकरू का कार्यकाल नवंबर 1980 से मार्च 1984 तक का था। अवस्थी के सेवानिवृत्त के बाद उनके सम्मान में पुलिस विभाग की ओर से भी विदाई सम्मान समारोह का अयोजन किया था। लखनऊ के सप्रू मार्ग स्थित पुलिस ऑफिसर्स मेस में अवस्थी के सम्मान में कार्यवाहक डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान की ओर से यह आयोजन किया गया। इसमें लखनऊ में नियुक्त एसपी से लेकर एडीजी स्तर तक के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया था।

## महंत नरेंद्र गिरि मौत मामले में आनंद गिरि की जमानत अर्जी खारिज : चित्रकूट की जेल में हैं बंद

प्रयागराज ब्यूरो : अखाडा परिषद् अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या मामले में उनके शिष्य आनंद गिरि को इलाहबाद हाईकोर्ट से रहत नही मिली। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। सात सितंबर को हुई सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ ने दोनों तरफ की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था और निर्णय सुनाने के लिए नौ सितंबर की तिथि तय की थी। शुक्रवार को दोनों तरफ से अधिवक्ता न्यायालय में मौजूद रहे। क्या थी दलील जमानत अर्जी की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने की। याची की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी व इमरानुल्ला खान का कहना था कि याची व महंत नरेंद्र गिरि में मनमुटाव था, जिसको लेकर विवाद हुआ। मार्च 21 में आनंद गिरि हरिद्वार चले गए थे और बाघंबरी गद्दी प्रयागराज से संबंध तोड़ लिया था। मई 21 में इंदू मिश्र ने लखनऊ में गुरू शिष्य के बीच समझौता कराया। उसके बाद याची ने कभी गुरू से संपर्क नहीं किया और न ही नरेंद्र गिरि ने फोन किया। मौत से पहले छह महीने तक याची का किसी प्रकार से कोई संबंध नहीं था। अफवाह के आधार पर दर्ज कराया गया केस उन्होंने दलील दी कि केवल अफवाह के आधार पर याची को खुदकुशी से जोड़ा गया है। महंत ने भी सुनी हुई बातों को लेकर मृत्यु पूर्व आत्महत्या नोट लिखा है। किसने उन्हें बताया की याची उन्हें वीडियो वायरल कर बदनाम कर देगा। मरने जा रहे महंत ने नोट में उसके नाम का जिक्र नहीं किया। याची के वकील ने कहा कि दूसरी तरफ आद्या प्रसाद की महंत से काफी कहासुनी हुई थी। कठोर अपशब्द कहे थे। सीबीआई याची के खिलाफ आरोपों की पुष्टि के सबूत जुटाने में नाकामयाब रही है। याची को सुसाइड नोट के आधार पर सहारनपुर से गिरफ्तार कर प्रयागराज लाया गया। पिछले छह माह से गुरू शिष्य में कोई बातचीत, मुलाकात नहीं हुई। जिस आडियो के आधार पर सीबीआई ने याची पर महंत को बदनाम करने की बातचीत को वायरल करने का आरोप लगाया है। उसे याची ने रवीन्द्र गिरि को शिकायत के लहजे में भेजी थी कि बातचीत से साफ है कि महंत याची को दुराचार केस में फसाने की सोच रहे हैं। चतुर्वेदी ने कहा कि महंत की खुदकुशी से याची को कोई



लाभ की संभावना नहीं है। क्योंकि, महंत ने नजदीकी शिष्य याची को निकाल दिया था और महंत ने सतुआ बाबा से बात की और हरिद्वार जाने को कहा था और खुदकुशी कर ली। बाघंबरी गद्दी में 16 सीसीटीवी कैमरे लगे थे। महंत ने एक हफ्ते पहले डाटा खत्म करा दिया था। वह क्या छिपाना चाहते थे। फार्मेट से डिलीट डाटा क्लाउड में रहता है। सीबीआई ने इसे देखने की जरूरत नहीं समझी। शिकायतकर्ता के वकील नीरज तिवारी ने जमानत पर रिहा करने का समर्थन किया और कहा उन्होंने ने केवल पुलिस को सूचना दी थी। शिकायत नहीं की। शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार पाल ने कहा कि याची के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। दर्ज बयानों व सुसाइड नोट से खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोप के साक्ष्य है। विचारण अदालत आरोप निर्मित करने की सुनवाई कर रही है। 19 सितंबर को अगली तारीख है। सीबीआई ने किया था जमानत का कड़ा विरोध सीबीआई के अधिवक्ता अनुराग कुमार सिंह ने कहा कि दो लोगों की बातचीत का आडियो बंधवा हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी संदीप तिवारी के कहने पर पुरुषोत्तम मिश्र ने रिकॉर्ड किया। जिसे हरिद्वार में महंत रवीन्द्र पुरी को याची ने भेजा। जो महंत तक पहुंचा। जिससे वे तनाव में आ गए। लिखा कि जब तक सच्चाई पता चलेगी मैं बदनाम हो चुका हूंगा। मैं आत्महत्या कर रहा हूं। खुदकुशी नोट की लिखावट महंत की लिखावट से मैच करती है। संदीप तिवारी ने रवीन्द्र पुरी को आडियो भेजी। चरित्र हनन की कोशिश की गई। कोर्ट ने दोनों पक्षों द्वारा अधूरे दस्तावेज दाखिल करने पर नाराजगी जताई और सीबीआई विवेचना अधिकारी केएस नेगी से सवालों के जवाब भी पूछे। सीबीआई का कहना था आडियो से महंत को खुदकुशी के लिए उकसाया गया। संदीप तिवारी याची कि गंगा पर बनी संस्था से जुड़े हैं। याची अधिवक्ता का कहना था कि आडियो मई 21 से पहले कि है। मई में समझौता हुआ। गुरू ने शिष्य को माफ कर दिया था और आरोपी ने छह माह तक किसी प्रकार का संबंध नहीं किया। वह हरिद्वार में अलग हो गया था। जिसकी अफवाह से महंत ने खुदकुशी की। सीबीआई उसका पता नहीं लगा सकी। जिसका छह माह से निष्कासन हो गया था, कोई संपर्क नहीं था। उसे। बिना सबूत फंसाया गया है। जमानत पर रिहा किया जाए। कोर्ट ने नौ सितंबर को फैसला सुनाने का निर्णय लिया है। चित्रकूट की जेल में बंद हैं आनंद गिरि गुरु की कथित हत्या के मामले में आरोपी बनाए गए उनके पुराने शिष्य योग गुरु आनंद गिरि चित्रकूट की जेल में बंद हैं। गत दिनों नैनी जेल से उनका स्थानांतरण चित्रकूट जेल कर दिया गया था। नैनी जेल में रहने के दौरान उन्होंने अपनी जान का खतरा बताया था और जेल के कुछ अधिकारियों पर भी अपमानित करने का आरोप लगाया था, इसके बाद उन्हें चित्रकूट जेल में शिफ्ट कर दिया गया है।

## सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण माह के दौरान प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैंः– बुद्धि मिश्रा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने बताया है कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण माह मनाया जा रहा है। पोषण माह के अंतर्गत पहला सप्ताह वजन सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है जिसके तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर जीरो, से छह वर्ष तक के बच्चों के वजन एवं ऊँचाई की माप की जा रही है। साथ ही विभिन्न केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बाल विकास परियोजना संडीला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण रैली निकाली। परियोजना सुरसा में भी रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण माह के दौरान प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं और इसके लिए कैलेंडर भी जारी किया गया है। जिसके अनुसार प्रतिदिन सभी केन्द्रों पर गतिविधि आयोजित की जाएंगी। सुपरवाइजर और सीडीपीओ द्वारा प्रयवेक्षण किया जाएगा। पोषण माह के दौरान सभी सहयोगी विभागों, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण जलापूर्ति, नगरपालिका के द्वारा अपनी–अपनी



कार्ययोजना बनाकर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन सभी गतिविधियों की फोटोग्राफ पोषण अभियान की वेबसाइट पर प्रत्येक विभाग को अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड से अपलोड करनी है। उन्होंने बताया कि कल संपन्न हुई जिला पोषण समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया है कि मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रति सप्ताह सहयोगी विभागों के साथ गतिविधियों के आयोजन एवं फोटोग्राफ अपलोड करने की समीक्षा बैठक जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कराई जाएगी।

## 11 सितंबर रविवार को होगा जीव दया संबंधित राज्य स्तरीय शिक्षण– प्रशिक्षण कार्यक्रम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 11 सितंबर दिन रविवार को जीव दया संबंधित शिक्षण – प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है। डॉ आलोक कुमार मिश्र निदेशक जी ए एम सी एच ने बताया कि उक्त कार्यक्रम भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सौजन्य से किया जा रहा है। एक दिवसीय शिक्षण–प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ श्रीकृष्ण मित्तल एडवोकेट अध्यक्ष कर्नाटक राज्य पशु कल्याण बोर्ड एवं कोआप्टेड मेंबर भारतीय जीव – जंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार, निदेशक पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश अर्जुन देव भारती , उप सचिव गृह मंत्रालय उत्तर प्रदेश शासन रमाकांत उपाध्याय, प्रांत गौसेवा संयोजक आर एस एस डॉ मनीष कुमार सिंह उप चिकित्सा अधिकारी जीएएमसीएच लखनऊ द्वारा पूरे प्रदेश से आए हुए प्रशिक्षणार्थी प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपरोक्त प्रस्तावित कार्यक्रम के सफलता हेतु इंजीनियर महेश गोयल चेयरमैन एवं समर्थ गोयल सीईओ गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज लखनऊ ने अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दी। उपरोक्त प्रस्तावित कार्यक्रम के संयोजक डॉ जयप्रकाश सक्सेना कोआप्टेड सदस्य,भारतीय जीव – जंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार हैं।

## बीडीओ ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स के निर्देश पर जिले के समस्त कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का खंड विकास अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी ने पुलिस टीम के साथ विद्यालय का किया औचक निरीक्षण।बीडीओ ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में टीचर उपस्थिति व छात्राओं की उपस्थिति, रहने और उनके भोजन की व्यवस्था का किया निरीक्षण। बल्दीराय ब्लॉक स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में खंड विकास अधिकारी सत्यनारायण सिंह ने पुलिस टीम के साथ विद्यालय का किया निरीक्षण।निरीक्षण के दौरान 100 बालिकाओं के सापेक्ष मौके पर 65 बालिका मौके रही उपस्थित। 35 बालिकाओं की तबीयत खराब होने के कारण रही अनुपस्थित।भोजन निरीक्षण के दौरान मिक्स दाल, चावल, रोटी, सब्जी और नाश्ता में बिस्किट,केला, बोर्नविटा व दूध मौके पर पाया गया।वार्डन तारा बर्मा,गार्ड मानसिंह, फुल टाइम टीचर सरिता श्रीवास्तव व कौशल्या रही उपस्थित। एक रसोईया व एक चौकीदार मौके पर मिले अनुपस्थित।तो वही,दूबेपुर ब्लाक स्थित



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का खंड विकास अधिकारी दूबेपुर संदीप सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी बलदेव प्रसाद ने दो महिला कांस्टेबल के साथ विद्यालय का आज रात्रि में किया औचक निरीक्षण।निरीक्षण के दौरान खाने व पीने की व्यवस्था,वार्डन, शिक्षिका व बालिकाओं की उपस्थिति का किया गया निरीक्षण।निरीक्षण के दौरान वार्डन रत्ना मिश्रा मौके पर नही मिली।निरीक्षण के दौरान 50 बालिकाओं में 38 बालिका उपस्थित रही।

## यूपी में एमबीबीएस की 9053 सीटों पर दिया जाएगा प्रवेश : बीडीएस में होंगे 2900 दाखिले

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में इस वर्ष एमबीबीएस की 9053 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा, जबकि बीडीएस की 2900 सीटों पर। नीट परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान काउंसिलिंग की तैयारी में जुट गया है। जल्द ही इसकी तिथि घोषित की जाएगी। इस बार नौ नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में भी एमबीबीएस की पढ़ाई होगी, इसलिए 900 सीटें बढ़ गई हैं। नीट यूजी–2022 में यूपी के 1.17 लाख विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस बार एमबीबीएस के लिए सरकारी क्षेत्र के 35 कॉलेजों में 4303 और निजी क्षेत्र के 32 कॉलेजों में 4750 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। वहीं, बीडीएस के तीन सरकारी कॉलेज में 300 और निजी क्षेत्र के 24 कॉलेजों में 2600 सीटों पर



प्रवेश दिया जाएगा। एमबीबीएस और बीडीएस के बाद आयुष कॉलेजों में भी प्रवेश दिया जाएगा। बीएएमएस में 8 सरकारी क्षेत्र की 563 और 70 निजी क्षेत्र की 5010 सीटें हैं। बीएचएमएस में 9 सरकारी क्षेत्र की 828 व 2 निजी क्षेत्र की 200 सीटें, बीयूएमएस की दो सरकारी क्षेत्र की 128 और 11 निजी क्षेत्र की 670 सीटें हैं।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभार्थियों का हो रहा सत्यापन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)उपनिदेशक कृषि अयोध्या के माध्यम से प्राप्त प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभार्थियों का सत्यापन क्षेत्रीय लेखपालों के माध्यम से कराया जा रहा है।परन्तु प्राप्त सूची कुछ लाभर्थियों की सही जानकारी न मिलने के कारण सत्यापन कार्य पूर्ण नही हो पा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभार्थियों हेतु क्षेत्रीय लेखपाल शनिवार व रविवार (दिनाँक 10 व 11 सितम्बर 2022) को क्षेत्र में उपस्थित रहकर ग्राम प्रधान / रोजगार सेवक / ग्राम पंचायत अधिकारी व अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों की उपस्थित में सत्यापन किया जाना है।ताकि शत–प्रतिशत सूची का सत्यापन करके क्षेत्रीय लेखपाल कार्यालय में उपलब्ध करा सके। उक्त जानकारी उपजिलाधिकारी सदर अयोध्या ने दी है।

# जीएचएस के बाहर पकड़ा गया बच्चा चोर : अभिभावकों ने जमकर पीटने के बाद पुलिस को सौंपा

प्रयागराज ब्यूरो : सिविल लाइंस स्थित गर्ल्स हाईस्कूल (जीएचएस) के बाहर बच्चा चोर पकड़े जाने से हड़कंप मच गया। सुबह अभिभावक जब बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए आए थे कि इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति एक बच्ची का हाथ पकड़कर ले जा रहा। अभिभावकों को जब शक हुआ तो उन्होंने इसे पकड़ लिया। इसके पास से ब्लेड, टेप, पांच पैकेट परफ्यूम और झोला आदि बरामद किया गया है। इसको लेकर स्कूल से लेकर अभिभावकों में हड़कंप मचा रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिविल लाइंस पुलिस ने भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाने में उससे पूछताछ की जा रही है. आरोपी अपने को मानसिक रोगी बता रहा है। बताया जाता है कि उसके साथ आए अन्य आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। यह किसी वाहन से यहां पहुंचे थे और कुछ बच्चों को अपने साथ ले जाने की फिराक में थे। बेहोशी वाला परफ्यूम बरामद आरोपी युवक के पास से बेहोशी वाला पांच पैकेट परफ्यूम बरामद किया गया है। आशंका जाहिर की जा रही है कि बच्चों को बहला फुसलाकर कुछ दूर



पर ले जाने के बाद बेहोश करके वाहन में भर लिया जाता है। ब्लेड, टेप, झोला आदि सामान भी बरामद हुए हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। उसके अन्य साथियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस वीरेंद्र यादव का कहना है कि युवक के घरवालों से बात हुई है उनका कहना है कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है वह मूल रूप से फूलपुर का रहने वाला है । उसके पिता दिल्ली में रहकर बिजनेस करते हैं। पिता के साथ ही वो रहता था। पिता का कहना है कि वह तीन–चार दिन से गायब था।

# कुलपति से मिले फिल्म निर्देशक प्रकाश झा : परिसर में वेब सीरीज की शूटिंग के लिए मांगी अनुमति

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद विश्वविद्यालय आए जाने माने फिल्म निर्देशक प्रकाश झा ने कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव से मुलाकात की। उन्होंने विश्वविद्यालय के सुंदरीकरण के कार्यों को देखा और इसकी सराहना भी की। इस दौरान प्रकाश झा ने अपनी आने वाली वेब सिरीज के कुछ हिस्सों की शूटिंग विश्वविद्यालय परिसर में करने की अनुमति मांगी। कुलपति ने उन्हें मदद के लिए आश्वस्त किया और साथ एक फिल्म निर्देशक के रूप में उनके कार्यों की सराहना की। बेव सीरीज की हुई शूटिंग, रोडवेज ने 50 हजार रुपये लिया किराया प्रयागराज में पिछले कुछ दिन से चल रही तिग्मांशु धुलिया की वेब सीरीज गर्मी की शूटिंग बृहस्पतिवार को सिविल लाइंस बस स्टेशन पर हुई। इस दौरान यहां दोपहर बाद नवाब युसूफ रोड साइड मुंबई से आई टीम ने शूटिंग की।



इसके लिए रोडवेज की एक बस को भी किराये पर लिया गया। बताया जा रहा है कि बस वाराणसी के कैंट डिपो की थी। शूटिंग के लिए बस में जिस स्थान पर कैंट डिपो लिखा था उसे ढक दिया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि शूटिंग के लिए रोडवेज ने 50 हजार रुपये किराया लिया। शाम तक यह शूटिंग पूरी हो गई थी।

# उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस 10 सितंबर से प्रदेश में शुरू करेगी भारत जोडो किसान संकल्प यात्रा– जगदीश सिंह

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस (मध्य जोन) जन नायक माननीय श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा के तारतम्य में प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, फैजाबाद, देवीपाटन, बरेली, मंडलों के अन्तर्गत जनपदों तहसीलों, ब्लाकों, में ग्राम पंचायतों के स्तर तक भारत जोड़ो किसान संकल्प यात्रा का आयोजन करने जा रही है। जिसकी शुरूआात आगामी 10 सितंबर से होगी। भारत जोडो–किसान संकल्प यात्रा के माध्यम से हम कांग्रेसजन भाजपा ( योगी सरकार) द्वारा किसानों के लिए संकल्प पत्र में किये गये वादों को पूरा करने की मांग करेगी। उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस मध्य जोन के चेयरमैन श्री जगदीश सिंह जी ने बताया कि भारत जोडो– किसान संकल्प यात्रा में पदाधिकारीगण स्थानीय किसानों को साथ लेकर प्रतिदिन 2.5 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे एवं गांव के किसान परिवार के द्वार यात्रा के यात्रीगण विश्राम करेंगे। साथ साथ जिस गांव में यात्रा पहुंचेगी वहां के पांच प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करेगी। भारत में 42 प्रतिशत परिवार किसान हैं जबकि उत्तर प्रदेश में 68 प्रतिशत प्रदेश के 10६.7 करोड़ परिवार कृषि पर ही निर्भर हैं। उपरोक्त किसान परिवारों के हक एवं हकूक की लड़ाई के लिए उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस सतत प्रयत्नशील है। समय समय पर किसान हितों के लिए अपनी आवाज उठाते रहते हैं। आप सब को अवगत कराना है कि अगस्त माह में सूखा, कृषि विद्युत बिल माफी, किसानों के कर्जामुक्ति आदि के लिए व्यापक अभियन छेड़ रखा है व किसान हित में उपरोक्त मांगों को पूरा कराने के लिए कृत संकल्पित है। उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुशील तिवारी ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2014 से अब तक कार्पोरेट की सम्पत्तियां कई गुना बढ़ गयी हैं। लेकिन किसान की प्रतिदिन आय मात्र 27 रूपये ही है। मौजूदा समय में प्रत्येक किसान पर लगभग 74000– रुपये का कर्ज है। नफरत की खेती फल फूल रही है। बजाय किसान मुद्दों पर कार्य करने के उनके जीवन स्तर के सुधार हेतु कुछ नहीं किया जा रहा है। निरंतर आय दुगनी किये जाने के झूठे वादे किये जा रहें हैं। वही दूसरी ओर ऐसे कानून लाये जा रहें हैं जिससे किसानी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग रहा है।सरकार अपने वादे में मुफ्त बिजली की बात करती है। लेकिन अपने प्रेस नोट में कृषि विद्युत बिल एवं राजस्व वसूली का स्थगन करती है जो कि एक विरोधाभास है। प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के मध्य जोन के चेयरमैन जगदीश सिंह, उपाध्यक्ष गण सुशील तिवारी, महबूब किदवई, जयंत चौधरी आदि ने अपना पक्ष रखा। साथ ही भारत जोडो किसान संकल्प यात्रा के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की थी हत्या : पैर से गला दबाकर ली गई थी जान

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के गुलरिहा इलाके के जमुनिया गांव निवासी राम सजन निषाद (38) की हत्या उसकी पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की थी। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के भाई रामज्ञा की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर लिया था। पुलिस ने बृहस्पतिवार को आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश कर दिया। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पत्नी गुंजा और उसके प्रेमी आमिर खान के रूप में हुई है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि गुलरिहा के जमुनियां निवासी 38 वर्षीय राम सजन निषाद की लाश गांव से कुछ दूरी पर हाफिजनगर में नहर के किनारे धान के खेत में चार सितंबर को दिन में मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया था। बृहस्पतिवार को आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी आमिर ने पूछताछ में बताया कि रामसजन उसका दोस्त




था। घर आते–जाते उसकी पत्नी गुंजा से प्रेम संबंध हो गया। इस बात की जानकारी होने पर रामसजन विरोध करता था। तीन सितंबर को आमिर रामसजन को साथ लेकर गया और फिर शराब पिलाई। नशे में आने के बाद बाइक से धान के खेत में ले जाकर धकेल दिया फिर पैर से उसके गले को तब तक दबाए रखा, जब तक की उसकी मौत नहीं हो गई। मौत के बाद अपनी प्रेमिका (मृतक की पत्नी) गुंजा को फोन कर बताया कि अब हम लोगों के बीच कोई नहीं आएगा, उसकी हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश कर लिया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर गोष्ठी आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक पी जी कॉलेज समोधपुर जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस एवम् शिक्षक पर्व के अन्तर्गत व्यक्तित्व के विकास में शिक्षक एवम् शिक्षा की




भूमिका विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डाक्टर लालमणि प्रजापति ने व्यक्तित्व के विकास में शिक्षक एवम् शिक्षा की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा बताया कि शिक्षा द्वारा ही समाज को शिक्षित किया जा सकता है। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डाक्टर रमेश चंद्र सिंह ने व्यक्तित्व के विकास के लिए शिक्षकों के पूर्व एवम् वर्तमान योगदान की विस्तार से चर्चा की तथा बताया कि शिक्षा के बिना राष्ट्र का विकास सम्भव नहीं है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर इन्द्र बहादुर सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर आलोक प्रताप सिंह विसेन ने किया। इस अवसर पर डाक्टर अरविंद कुमार सिंह, डॉक्टर लक्ष्मण सिंह, डॉक्टर अवधेश कुमार मिश्र, डॉक्टर नीलमणि सिंह, डाक्टर पंकज सिंह, श्री जितेन्द्र सिंह, विकास कुमार यादव, नीलम सिंह , जितेन्द्र कुमार, राजेश सिंह, शिवमंगल आदि उपस्थित रहे।

# तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

बिलरियागंज आजमगढ़ पत्रकार राजकुमार जायसवाल : पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के दिशा निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिलरियागंज थाना की पुलिस



ने सक्रियता दिखाते हुए एक अभियुक्त धर्मेंद्र सरोज पुत्र स्व परदेशी सरोज पतिलागौसपुर थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ निवासी को उसके पास से एक अदद तमंचा व एक अदद कारतूस बरामद करते हुए मधनापार तिराहे के पास से गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्त पर पुलिस ने संबंधित कानूनी कार्रवाई करके माननीय न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष बिलरियागंज विजय प्रकाश मौर्य , कांस्टेबल नितिन कुमार, विरेन्द्र कुमार सरोज,रेनू यादव व मय हमराही फोर्स शामिल रहें।

## मार्ग दुर्घटना में बालिका की मौतः दो घायल

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) कटरा–बिल्हौर मार्ग पर लोनार थाना क्षेत्र के बरसोहिया गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मासूम बालिका की मौके पर मौत हो गई है। जबकि देवर भाभी गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि दोनों घायलों को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। हरपालपुर थाना क्षेत्र के सुभौआपुर मजरा रोशनपुर गांव निवासी नितिन पुत्र जगदीश अपनी भाभी पारुल पत्नी अंकित व उसकी डेढ वर्षीय पुत्री दामिनी की बुखार की दवा लेने के लिए लोनार थाना क्षेत्र के बरसोहिया गांव बाइक से आ रहे थे।तभी हरपालपुर की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि देवर भाभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया,बाद में दोनों घायलों को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया।मृतक दो भाई बहनों में सबसे छोटी थी। पुलिस ने दामिनी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# शिव भूमिया मंदिर पर लगे गणेश भंडारे में उमड़ी लोगों की भीड़

बागपत पत्रकार विवेक जैन। बागपत शहर के सिसाना रोड पर स्थित शिव भूमिया मंदिर के निकट चल रहे गणेश महोत्सव के दौरान गुरुवार को भगवान श्री गणेश जी का विशाल भंडारा लगाया गया। भंडारे में दूरदराज क्षेत्रों



से आए हजारों लोगों ने एक साथ बैठकर सब्जी, पूड़ी व हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुआ भंडारा देर शाम तक चला। भंडारे से पहले पंडित रामशंकर शास्त्री, राकेश शास्त्री, चन्दन शास्त्री, विक्रम शास्त्री व पुष्पेंद्र शास्त्री द्वारा भगवान श्री गणेश की विधि–विधान के साथ पूजा–अर्चना की गई और उसके बाद हवन का आयोजन किया गया। हवन में लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से हवन कुंड में आहूतियां डाली। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी कुलदीप भारद्वाज व उनकी धर्मपत्नी सरिता रानी यजमान रहे। इस मौके पर सारथी वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष वंदना गुप्ता, विकास गुप्ता, भाजपा नेता नरेश वर्मा, सुधीर ठाकुर, युवा भाजपा नेता रॉकी शर्मा, नगेश शर्मा एडवोकेट, गगन गोड एडवोकेट, सचिन जैन, पप्पू चौहान, शोराज मणि, सोहनपाल, टीटू भारद्वाज, बिट्टू हलवाई, पंकज उपाध्याय, सामाजिक कार्यकर्ता विपुल जैन, शिवम, शिखर, शर्मिला, कुसुम, आदेश, रेखा, अंकुर सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# हंसखेड़ा पुलिस चौकी इंचार्ज ओम प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस फोर्स द्वारा वाहनों का किया गया चालान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ।पारा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी हंस खेड़ा के चौकी इंचार्ज ओम प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुबोध कुमार ,हेड कांस्टेबल अशोक कुमार सिंह ,हेड कांस्टेबल अशोक कुमार ने पुराना पारा थाना के सामने हंस खेड़ा रोड पुलिया के पास मोड़ पर चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहनों के कागज चेक किए गए। कार में बिना सीट बेल्ट लगाए, दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट लगाए एवं सड़क के किनारे दुकानों के पास खड़े वाहनों का एक तरफ से सभी का चालान किया गया। ज्ञातव्य है कि हंस खेड़ा रोड पुलिया के पास भीषण जाम लगता था।सड़क के किनारे वाहन खड़े कर वेंडरों से लोग समोसे, चाऊमीन, सब्जी , फल सहित तमाम खाने–पीने की वस्तुएं खरीदते हैं। पुलिस ने प्रतिदिन शाम को भीषण जाम को देखते हुए सड़क किनारे खड़े वाहनों



का चालान करना शुरू कर दिया, अब लोग सड़क के किनारे वाहन खड़ा करने से कतराने लगे।

# भारतीय आदर्श योग संस्थान ने किया अनंत चतुर्दशी पर भजन संध्या आयोजन : भजन सुनकर झूम उठे श्रोता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय आदर्श योग संस्थान द्वारा अनंत चतुर्दशी पर भजन संध्या कार्यक्रम राजकुमार द्वारा घर पर अपने रखा गया जिसमें कृष्ण दत्त मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष योग परिवार संग कार्यक्रम में सभी ने हिस्सा लिया। भजन सम्राट किशोर चतुर्वेदी द्वारा एवं गजल भजन गायिका में मशहूर स्वाति रिजवी द्वारा मंत्रमुग्ध भजन लोगों ने सुने साथ में उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ इसमें सम्मिलित हुए प्रसाद ग्रहण किया व भजन किया। वरिष्ठ लोगों में कृष्ण कुमार गुप्ता, गोपाल, शेखर, अनिल शर्मा, राधेश्याम चौरसिया आदि परिवार संग सभी सम्मिलित हुए सभी को गणपति जी का आशीर्वाद प्राप्त हो। सभी के



दु:ख को प्रभु हरण करें ऐसी मंगल कामना करते हुए कृष्ण दत्त मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राजकुमार सचिव, सत्यम चोपड़ा ने प्रार्थना की।

# बारामुला से उड़ी तक साइकिल रैली से अमन का पैगाम देंगी प्रयागराज की महिलाएं

प्रयागराज ब्यूरो : आतंकी हमलों के लिए सुर्खियों में रहने वाले कश्मीर में बारामुला से उड़ी के कमान अमन सेतु तक शहर की दर्जन भर महिलाएं 11 सितंबर को साइकिल रैली के जरिए अमन का पैगाम देंगी। यात्रा पर जाने वाली प्रयागराज पेसर समूह से जुड़ी ये महिलाएं पेशे से चिकित्सक, वकील और शिक्षिकाएं हैं। बृहस्पतिवार की रात प्रयागराज एक्सप्रेस से यह महिलाएं राइड कश्मीर के लिए रवाना हुईं। इन अपराजिताओं को अमर उजाला की ओर से माल्यार्पण कर विदा किया गया। रक्षा मंत्रालय की ओर से कश्मीर में बारामुला से कमान अमन पोस्ट तक आयोजित 65 किमी लंबी साइकिल रैली में हिस्सा लेने के लिए नौ महिलाएं बृहस्पतिवार की रात प्रयागराज एक्सप्रेस से रवाना हुईं। जबकि, दो महिलाएं शुक्रवार को जाएंगी। कश्मीर राइड साइकिल रैली के लिए रवाना होने से पहले इन महिलाओं को अमर उजाला के सिविल लाइंस कार्यालय में माला पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर विदा किया गया। विदा की जाने वाली प्रयागराज पेसर समूह की महिलाओं में डॉ. रितु जैन, डॉ. सुमिता परमार, डॉ. अनुराधा वर्मा, डॉ. मीरा लखटकिया, व्यंजना पांडेय, प्रेरणा सरन, नीलू शुक्ला शामिल




रहीं। इनके अलावा डॉ. अमिता गुप्ता, मोना दुबे भी प्रयागराज एक्सप्रेस से रवाना हुईं। इनके अलावा प्रो. अर्चना चहल, डॉ. पल्लवी सिंह और रागिनी सिंह शुक्रवार को जाएंगी। दिल्ली पहुंचने के बाद ये महिलाएं श्रीनगर एयरपोर्ट पर उतरेंगी। वहां रक्षामंत्रालय के प्रतिनिधि उनकी अगवानी करेंगे। इसके बाद 11 सितंबर को राइड कश्मीर साइकिल रैली में वह हिस्सा लेंगी। इन महिलाओं को साइकिल रक्षामंत्रालय की ओर से ही प्रदान की जाएगी।

# 20 प्रतिष्ठानों को नोटिस देकर जीडीए ने मांगा मानचित्र व एनओसी : लखनऊ के होटल में हुई घटना के बाद अलर्ट

गोरखपुर ब्यूरो : लखनऊ के होटल में आग लगने की घटना के बाद गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने यहां भी बिना मानचित्र या मानचित्र की अनदेखी कर बनाए गए बड़े निर्माण की जांच शुरू कर दी है। अग्निशमन विभाग पिछले दो दिनों से जांच कर कार्रवाई कर रहा है। प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने बृहस्पतिवार को गोलघर, गांधी गली और खोआ मंडी गली में स्थित होटल, कांप्लेक्स, अस्पताल और कोचिंग संस्थान आदि की जांच की। मौके पर जिम्मेदारों के नहीं मिलने पर टीम ने 20 प्रतिष्ठानों को नोटिस देकर तीन दिन में स्वीकृत मानचित्र की प्रति एवं अग्निशमन का अनापत्ति प्रमाणपत्र मांगा है। प्राधिकरण के मुताबिक प्रपत्र नहीं उपलब्ध कराने वालों के भवनों पर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। डीएम कृष्णा करुणेश ने जीडीए उपाध्यक्ष प्रेम रंजन सिंह को पत्र लिखकर सभी होटल, मॉल, कांप्लेक्स, अस्पताल आदि के भवनों के मानचित्र एवं सुरक्षा मानकों की जांच कराने को कहा था। जीडीए उपाध्यक्ष ने प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह के नेतृत्व में सभी एक्सईएन, सहायक अभियंता, अवर अभियंताओं को यह जिम्मेदारी दी गई है। उपाध्यक्ष ने टीम से 10 दिन में रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उधर प्रमुख सचिव आवास ने भी बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मानचित्र के विपरीत किए गए निर्माण का पता लगाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। टीम ने यहां की जांच बृहस्पतिवार को जीडीए की टीम ने गोलघर, गांधी गली एवं खोआ मंडी गली में सघन जांच की। टीम ने होटल प्रेसीडेंट, मरीना, अरिहंत कोचिंग सेंटर, गर्ग अस्पताल, न्यू उदय मेडिकल सेंटर, चंद्रा कोचिंग, महालक्ष्मी होटल, द किंग



प्लाजा, होटल आरडीसी एवं नरायण टावर का गहन निरीक्षण कर सभी से मानचित्र एवं अग्निशमन की एनओसी मांगी। प्रभारी मुख्य अभियंता ने बताया कि जांच का सिलसिला अभी आगे भी जारी रहेगा। जिनके पास भी मानचित्र या अग्निशमन विभाग की एनओसी नहीं होगी, उनपर कार्रवाई की जाएगी। जांच करने वाली टीम में सहायक अभियंता अजीत कुमार, अवर अभियंता पद्माकर मिश्रा, सुपरवाइजर उमेश सिंह एवं शमशाद आदि शामिल रहे। सख्ती हुई तो दो हजार निर्माण पर हो सकती है कार्रवाई प्रमुख सचिव आवास के निर्देश के बाद महानगर में करीब दो हजार से अधिक निर्माणों पर सीलिंग की कार्रवाई हो सकती है। जिनके मानचित्र सशर्त पास किए गए हैं, प्रमुख सचिव ने उनके निर्माण स्थल पर जाकर जांच करने को कहा है। शर्तों का पालन न करने पर मानचित्र निरस्त कर निर्माण रोकने को कहा गया है। इसी तरह जांच के दौरान जिसके पास मानचित्र नहीं मिलेगा, उसका निर्माण भी सील कर दिया जाएगा।

## महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में समारोह में टेबलेट स्मार्टफोन पाकर बच्चों के चेहरे पर दिखी खुशी की झलक

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) वर्तमान समय में इस आधुनिक युग में टेबलेट व स्मार्टफोन के माध्यम से आज के बच्चे आने वाले दिनों में विश्व के फलक पर देश का नाम रोशन करेंगे।इसी मंशा को कामयाब बनाने के लिए भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराने की घोषणा की। यह स्मार्टफोन शिक्षा के हाईटेक स्तर को प्राप्त करने में नीव का ईट साबित होगा।हाईटेक शिक्षा में कोई कमी न हो इसके लिए स्मार्टफोन उपलब्ध कराया जा रहा हैं।बच्चों को अपने बेहतर भविष्य के लिए सकारात्मक ऊर्जा स्मार्टफोन के माध्यम से प्रदर्शित करनी होगी। उक्त उद्गार भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने क्षेत्र के रामदासपुर मझौली स्थित महाराणा प्रताप महाविद्यालय में व्यक्त किया।वह स्मार्टफोन वितरण समारोह को मुख्य अतिथि के पद से संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर स्मार्ट फोन व टेवलेट पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ साफ दिखाई दे रही थी। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि सरकार की सोच है कि शहर के बच्चों को स्मार्टफोन आसानी से प्राप्त हो जाता है लेकिन देश की 80 फीसदी आबादी ग्रामीण अंचल में निवास करती है। जिनके अभिभावक स्मार्टफोन देने में असमर्थ हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में हर बच्चे को स्मार्टफोन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शुभकामना दी और कहा कि सफलता के लिए कड़े संघर्ष में यह सहयोगी बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि 15–20 वर्ष पूर्व जब इस विद्यालय की नीव पड़ी तभी मेरी राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखने की नीव पड़ी थी। उन्होंने विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास



के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया और कहा कि यह महाविद्यालय निश्चित तौर से कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा ने विद्यालय और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शुभकामना दी और सरकार के स्मार्टफोन वितरण योजना की प्रशंसा की कार्यक्रम की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रबंधक महेश कुमार सिंह मुख्य अतिथि संजीव सिंह के योगदान की सराहना की और बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस समारोह का संचालक प्राचार्या अना रिजवी ने करते हुए शुभकामनाएं दी। वही इस कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक रीति रवाज के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन तथा बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना से किया।इस समारोह में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को भगवान गणेश के प्रतिमा, साल और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वही इस कार्यक्रम में संरक्षक अनुराग सिंह, प्रभाकर सिंह, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पांडे, बद्री विशाल पांडे, प्रदीप पांडे, तेज प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान अरविंद कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार बृजेश तिवारी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनप्रतिनिधि और शुभचिंतक उपस्थित रहे।

## राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए कुलपति ने कमेटियों के साथ की बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में गुरूवार को अपराह्न 3 बजे दीपोत्सव–2022 की तैयारियों को लेकर कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई।इस बैठक में उपस्थित कुलपति ने दीपोत्सव के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय का छठवां दीपोत्सव है।पांचवी बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में विश्वविद्यालय नाम दर्ज करने जा रहा है।इसके लिए सभी को पूरी लगन के साथ सहयोग करना होगा। इस मौके पर कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के वालंटियर्स राम की पैड़ी पर 16 लाख दीए बिछाने के साथ सावधानी पूर्वक जलायेंगे।इसी कड़ी में दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 अजय प्रताप सिंह द्वारा खाका खींचा जा चुका है।चिन्हित घाटों पर 20 अक्टूबर से दीए लगाने का कार्य शुरू हो जायेगा जो 21 तक सम्पन्न होगा।सभी घाटों पर दीए की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन के सहयोग, एनसीसी कैडेटों तथा सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। इस बैठक में कुलपति प्रो0 सिंह ने बताया कि दीपोत्सव को यादगार बनाने के लिए 12 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के मध्य जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।जिससे आम जनमानस को अयोध्या के एतिहासिक दीपोत्सव से परिचित कराया जा सके।सभी घाटों पर मार्किंग का कार्य 17 से प्रारम्भ होकर 19 तक चलेगा। कुलपति ने बताया कि इस बार का दीपोत्सव खास हो इसके कमेटियां बनाई गई है।सभी कमेटियों को कार्य आवंटित कर दिए गए है।



अंत कुलपति ने सभी कमेटियों के समन्वयकों से कहा कि क्रियाशीलता के साथ दीपोत्सव को भव्य बनाने में कोई कसर न छोडें।इस बैठक में दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने बताया कि राम की पैड़ी पर दीए की रखरखाव के लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है। विश्वविद्यालय को दीपोत्सव के 15 दिन पहले तेल व दीए की सप्लाई हो जायेगी जिससे दीपोत्सव में दीए व तेल की कोई कमी रह जाए। 18 हजार वालंटियर्स के लिए जलपान व भोजन की व्यवस्था की गई है। इन स्थानों का भौतिक निरीक्षण कर लिया गया है। प्रो0 सिंह ने बताया कि इस बार के दीपोत्सव में झारखंड के आदिवासी समाज से 25 छात्र–छात्राएं वालंटियर्स के रूप में शामिल हो रही है जो दीपोत्सव में विशेष रूप से प्रतिभाग करेंगी। बैठक में वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, कुलसचिव उमानाथ, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 एसएन शुक्ल, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 जसवंत सिंह, प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल, प्रो0 फारूख जमाल, प्रो0 आरके सिंह, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 अनुपम श्रीवास्तव, प्रो0 राजीव गौड़, प्रो0 के0के0 वर्मा, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, प्रो0 रमापति मिश्र, उप–नोडल अधिकारी डॉ0 संग्राम सिंह, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 अनिल कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## मिलिट्री की वर्दी में मिलिट्री इंटेलिजेंस व कैंट पुलिस की गिरफ्त में आया युवक

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या में मिलिट्री की वर्दी में एक युवक को मिलेट्री इंटेलिजेंस व कैंट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक उक्त आरोपी युवक के पास से आर्मी की वर्दी बेल्ट बिल्ला आदि सामान बरामद किया गया है।उस युवक पर आरोप है कि युवक आजमगढ़ के कैंट में चल रही सेना भर्ती को लेकर अयोध्या के लोगों को गुमराह कर रहा था। पुलिस के मुताबिक यह युवक



दीपेंद्र सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह निवासी आजमगढ़ जिले के थाना महाराजगंज के रघुनाथपुर का रहने वाला है।उसे गुरूवार को सुबह करीब 07.30 बजे, लाल कुर्ती सदर बाजार से गिरफ्तार करने के बाद हुए थाना कैंट में पुलिस ने पूछताछ की। इसके बाद उसे जेल भेजा जा गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर शैलेन्द्र सिंह व थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा थाना कैण्ट जनपद अयोध्या के मार्गदर्शन में थाना कैंट पुलिस को यह सफलता मिलीसमुखबिर की सूचना के आधार पर सेना की वर्दी अवैध रूप से धारण किये अभियुक्त दीपेंद्र सिंह को पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक अदद आर्मी वर्दी(बेल्ट,बैरट कैप मय ताज, टी शर्ट,पैन्ट,एक जोड़ी बूट),एक अदद फर्जी आर्मी आई कार्ड, एक अदद आधार कार्ड,एक अदद पैन कार्ड, एक अदद निर्वाचन कार्ड,एक अदद मोबाईल फोन ओप्पो कम्पनी व 1420 रूपये नगद बरामद हुआ। इस संबंध में पुलिस ने धारा 419/420/468/140 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया हैसउब युवक को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रजत पांडेय और हरिकेश यादव के अलावा आरक्षी कृष्ण वीर, लोकेश और अशोक आदि मौजूद रहे।

## 20 लाख रुपए पार करने वाले लुटेरों के बारे में पुलिस अभी कोई सुराग नहीं लगा पाई : जांच में जुटी है पुलिस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के रुदौली क्षेत्र में स्थित भारतीय स्टेट बैंक रुदौली की शाखा में मंगलवार को बैंक कर्मियों की आंख में धूल झोंक कर 20 लाख रुपए पार करने वाले लुटेरों के बारे में पुलिस अभी कोई सुराग नहीं लगा पाई है। इस संबंध मे पुलिस कर्मियों का वही पुराना रटा रटाया जबाव है कि पुलिस जांच में जुटी है खुलाशा शीघ्र ही हो जायेगा।इस घटनाक्रम में पुलिस के मुताबिक बुधवार को पुलिस की टीम शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के सभी बैंकों में सघन जांच की।संदिग्धों की तलाश में सभी बैंकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।स्टेट बैंक रूदौली के प्रबंधक समेत कैशियर चपरासी,गार्ड से घटना के संबंध में कोतवाल शशिकांत यादव ने पूछताछ की।शहर के यूनियन बैंक बैंक ऑफ इंडिया रुदौली,पंजाब नेशनल बैंक,इलाहाबाद बैंक,बैंक ऑफ बडौदा,सेंट्रल बैंक,बैंक ऑफ इंडिया भेलसर,स्टेट बैंक भेलसर में तलाशी अभियान चलाया गया।शहर के सभी प्रमुख मार्गों के व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे गए।भेलसर में भी पुलिस ने ओवर ब्रिज के पास बनी भेलसर चौराहे की मस्जिद में जाकर मस्जिद के सीसीटीवी फुटेज को संदिग्धों की तलाश के लिए उपनिरीक्षक रवीश यादव ने देखा।पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना के खुलासे के लिए अयोध्या जनपद के आसपास के जनपदों के संपर्क में पुलिस अधिकारी के पुलिस टीम लगाई गई है।जनपद के सभी थानों में इसके पहले हुई बैंक रोबरी और लूट की घटनाओं के आरोपियों और अभियुक्तों की शिनाख्त और पहचान की जा रही है।क्षेत्राधिकारी संदीप सिंह ने कोतवाली रुदौली में कोतवाल समेत चौकी प्रभारियों और उपनिरीक्षकों के साथ बैठक कर शहर के प्रमुख मार्गों के सीसीटीवी फुटेज की जांच के निर्देश दिये।सीओ ने बताया की घटना का खुलासा के लिए कोतवाली रुदौली पुलिस के साथ–साथ एसओजी और सर्विलांस टीम भी लगाई गई है। इस संबंध मे पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सर्किल के सभी बैंकों के सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सर्किल में इसके पहले बैंक रॉबरी और चुनौती की घटनाओं के अभियुक्तों के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है।

## सन्त निरंकारी मिशन द्वारा लगाया गया निःशुल्क प्याऊ

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले में अमरगंज राजा जनमेजय कुंड आस्तिकन मंदिर सिर सिर के पावन प्रांगण में संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन शाखा रुदौली के तत्वधान में निशुल्क शीतल जल प्याऊ लगाया गया।जिसका शुभारंभ पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय कुमार ने फीता काट कर किया। हम आपको बताते चलें कि आस्तिकन मंदिर सिर में हर वर्ष सात दिवसीय मेले का भव्य आयोजन किया गया है। चिलचिलाती गर्मी को मद्देनजर देखते हुए संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन अपना योगदान दे रहे है। प्रतिदिन हजारों की संख्या मे श्रद्धालु अस्तिकन के दर्शन के लिए आते हैं। राजा जनमेजय कुंड सरोबर में स्नान कर श्रद्धालु अस्तिकन के दर्शन तथा पूजन व मेले के आयोजन मे हिस्सा लेते है। यहां पर आने वाले लोगों को किसीध भी प्रकार की परेशानी ना हो इसलिए संत निरंकारी मंडल ब्रांच रुदौली के द्वारा निःशुल्क शीतल जल लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा की जा रही है । सुरक्षा को मद्देनजर देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट है। पुलिस के जवान भी मेले के पावन प्रांगण में गस्त व निगरानी करते रहते हैं।अस्तिकन मंदिर के पावन प्रांगण में लगे मेले में आए हुए श्रद्धालुओं को संत निरंकारी मिशन द्वारा निशुल्क शीतल जल पिलाया जा रहा है। के साथ साथ संत निरंकारी मंडल ब्रान्च रुदौली द्वारा अन्य कई जगहों पर स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा की जा रही है। संत निरंकारी मण्डल ब्रांच रुदौली द्वारा प्रेम भाव से योगदान दिया जा रहा है। पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय कुमार ने सराहना करते हुए कहा कि मानव की कद्र करे दिल से मानवता खिल उठे फिर से संत निरंकारी मिशन अपना योगदान जनपद मे देते रहते है। आगे संत निरंकारी रुदौली के मुखी रामचंद्र यादव ने कहा की सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा और आशीर्वाद से जन जन की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है इस महान कार्य मे कैलाश मोर्या रामेश्वर बलदेव यादव बुधराम रेशमा बबली माया ज्योति अन्तिमा पूर्णिमा आकांक्षा रोशनी आदि ने अपना योगदान दे रहे हैं।

## जिलाधिकारी ने की आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायतों की समीक्षा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायतों की समीक्षा की, जिसमें प्रतिमाह आई0जी0आर0एस0 में प्राप्त शिकायतों में गुणवत्तापरक निस्तारण एवं डिफाल्टर न होने के सम्बंध में निर्देश जारी किये गये है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों के सन्दर्भो के निस्तारण में रूचि नही ली गयी है तथा जो सौपे गये दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक है। जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर निम्न अधिकारियों द्वारा पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण न होने पर उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर अमित जायसवाल, सहायक नगर आयुक्त, नोडल अधिकारी/नगर निगम अंकिता शुक्ला, खण्ड विकास अधिकारी मवई रशेष कुमार, खण्ड विकास अधिकारी मया सुश्री गौरीशा श्रीवास्तव, प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी सुमित कुमार, तहसीलदार बीकापुर राजेश कुमार वर्मा, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) हरिग्टनगंज अरविन्द कुमार, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद रूदौली रणविजय सिंह का माह सितम्बर 2022 का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरूद्व किया जाता है।जिलाधिकारी ने कहा कि यदि भविष्य में पुनः पोर्टल पर डिफाल्टर सन्दर्भ पाये गये तो कठोर संज्ञान लिये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

## पहले मुंह नोचवा फिर चोटी कटवा और अब बच्चा चोरी अफवाह या हकीकत : लोगों में डर बनी पुलिस की मुसीबत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में इस बात को लेकर लोगों में दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं। इससे कुछ वर्ष पहले मुंह नोचवा फिर चोटी कटवा और अब बच्चा चोरी गिरोह से लोग सहमे है। यह हकीकत है या फिर अफवाह।मां बाप भी काफी डरे सहमे हुए नजर आ रहे हैं। वही इसके चलते पुलिस भी काफी परेशान दिखाई दे रही है। इस मौके पर वही फेरी करके अपना जीवन यापन करने वाले लोग भी दहशत में हैं अपने कामों के लिए अनजान जगहों पर जाने से बच रहे हैं उनको भी डर है कि कहीं वे इस अफवाह का शिकार वो ना हो जाए।हम बात करें पुलिस प्रशासन की तो पुलिस की भी मुश्किल है बढ़ती हुई नजर आ रही है सोशल मीडिया पर कई जगहों से बच्चा चोरी करने का तस्वीर वायरल होता हुआ नजर आ रहा है जिसमें दावा किया जा रहा है कि बच्चों को पकड़ा गया है पुलिस के हवाले कर दिया गया।राजधानी लखनऊ के शहर में भी बच्चा चोरी होने का खबर कई थाना क्षेत्रों के अंतर्गत से देखने को मिल रहा है, वहीं जनपद अयोध्या में भी बच्चा चोर के पकड़े जाने की खबर है आपने यह भी देखा हुआ सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्ति को मोहल्ले वालों ने पकड़ा मारा पीटा भी और पुलिस के हवाले कर दिया गया जब जानकारी के लिए पुलिस से संपर्क साधा गया तो सच्चाई कुछ और निकल कर सामने आयी वही पुलिस के द्वारा बताया जाता है जिस व्यक्ति को पकड़ा वह शराब के नशे में था जिसको मोहल्ला वासियों ने बच्चा चोर समझकर पकड़ लिया। ऐसा ही एक तस्वीर सुल्तानपुर मे भी देखने को मिला जहां पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया भीड़ ने मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया परंतु शासन प्रशासन को आगाह करने के लिए मैं कहना चाहूंगा कि यह मामला और संगीन हो तूल पकड़े बेगुनाह इसका शिकार हो अफवाह के चलते लोग अपनी दुश्मनी निकालने के लिए इसका फायदा उठाकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दें उससे पहले इसको नियंत्रण में करने की आवश्यकता है।अक्सर आप सभी ने देखा होगा साल 2 साल में इसी महीने में कुछ ऐसा ही अफवाह फैलता है जिससे देश को कई समस्याओं से गुजरना पड़ता है पूर्व में अफवाह फैलाई गई थी जैसे मुंहनोंचवा चोटी कटवा कच्छा बनियान गिरोह और कई तरह की अफवाह इससे पहले भी फैल चुकीं हैं।इसलिए देशवासियों व उत्तर प्रदेश एवं जनपद वासियों को सावधान सतर्क रहने की आवश्यकता है अफवाहों पर ध्यान न दें यदि किसी प्रकार का कोई व्यक्ति संदिग्ध दिखता है उससे आपको खतरे की आशंका होता है तो तत्काल अपनी स्थानीय चौकी थाने के पुलिस से संपर्क करें या 112 डायल करें कानून को अपने हाथ में ना लें। अफवाह के चक्कर में किसी निर्दोष को फर्जी मारने पीटने का काम ना करें उससे सही जानकारी हासिल करके तभी आगे का कदम उठाएं ताकि देश का माहौल खराब ना हो।वही इस संबंधा में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुये कहा है कि आप सभी सम्मानित लोग अफवाहों पर ध्यान न देकर पहले गहराई तक जाये।अगर कोई भी व्यक्ति संदिग्ध हालात में दिखाई दे रहा है तो उसकी सूचना तत्काल अपने समीप के पुलिस चौकी/थाना पर दे।मालूम हो कि इस समय अयोध्या में बच्चा चोरी के मामलों में अफवाहों का बाजार गर्म है।वही सूत्रों के मुताबिक अफवाहों के चलते भीड़ बेगुनाहों व विक्षिप्त व्यक्तियो की भी पिटाई कर रहे हैं।

## दाह संस्कार में आये युवक की सरयू नदी में डूबकर मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में कोतवाली गोशाईगंज इलाके के दिलासीगंज घाट पर दाह संस्कार में आए युवक की सरयू नदी में डूबने से मौत हो गई। इस मामले की सूचना पर पहुंची गोताखोर की मदद से शव बरामद कर अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सको ने उसे ने मृत घोषित कर दिया। मामला गुरुवार को दोपहर एक बजे की है।पड़ोसी जनपद अम्बेडकरनगर के अहिरौली थाना इलाके के रोहनापारा गांव के निवासी छोटेलाल पुत्र पुत्तीलाल(32) दाह संस्कार के लिए दिलासीगंज के श्मशान घाट पर आया था। शव जलाने के बाद सभी लोग सरयू नदी में स्नान करने लगे।इसी दौरान छोटेलाल नदी की गहराई में चला गया और डूब गया। सूचना पर महबूबगंज चौकी इंचार्ज मुनिमन रंजन दूबे, दीवान जगत यादव मयफोर्स घटनास्थल पहुंचे और गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे छोटेलाल के शरीर को बरामद किया और आनन–फानन में सीएचसी मया बाजार ले जाया गया। जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।चौकी इंचार्ज महबूबगंज मुनिमन रंजन दूबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## कैंसर रोग से बचाव हेतु हुआ शिविर का आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद द्वारा सर्वाइकल कैंसर से संबंधित रोगों से बचाव के लिए तहसील सोहावल में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ मंजूषा पाण्डेय द्वारा महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के लक्षण एवं उसके बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर बीमारी के लक्षण समय से पता नहीं लग पाते हैं जिससे उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते हैं। सर्वाइकल कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो असमय मृत्यु का कारण बन जाती है। मंजूषा पाण्डेय ने बताया कि महिलाओं को अपने साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखना चाहिए ।सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए वैकसीन बन गई है जो 16 वर्ष की उम्र में कोई भी स्त्री लगवा सकती है। इसी कड़ी में इस मौके पर तहसीलदार सोहावल पवन कुमार गुप्ता प्राविधिक स्वयंसेवक महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्वयंसेविका महिला शिक्षा मित्र सहित कई महिलाएं उपस्थित रही।

## पुलिस पस्त चोर मस्त यह नजारा दिखाई दे रहा जिले के गोशाईगंज थाना क्षेत्र में

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में गोसाईगंज कोतवाली इलाके में चोरों के हौसले बुलंद हैं और बेखौफ होकर चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सूत्र के मुताबिक बीते बुधवार की रात कोतवाली इलाके के अमसिन बाजार स्थित पटेल खाद भंडार में रात्रि को चोर दुकान के अंदर सीढी के रास्ते घुस गए और दुकान में रखा वीवो कंपनी का एक मोबाइल, उसका चार्जर तथा तीन हजार रूपए नगदी लेकर फरार हो गए।सुबह होने पर दुकानदार को घटना की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना देकर कार्यवाही की मांग किया। मालूम हो कि बीते कुछ दिनों में इलाके में चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। इसी तरह ग्रामीणों के मुताबिक चोरों ने दफ्फरपुर गांव में खेत में सिंचाई के दो मोटर, बेरा में एक मोटर तथा कम्पोजिट विद्यालय त्रिलोकपुर में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था,इन सभी घटनाओं का पुलिस अभी तक कोई खुलासा नहीं कर पाई है।

## कुमारगंज नगर पंचायत के पूरे सोन में शॉर्ट सर्किट से लगी आग : संपूर्ण गृहस्थी जलकर खाक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जनपद के नगर पंचायत कुमारगंज के पूरे सोन गांव निवासी अच्छाराम के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।इसकी सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर जब तक काबू पाती तब तक सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत कुमारगंज बवां पूरे सोन गांव निवासी अच्छाराम पुत्र जगरूप कहीं अपने रिश्तेदारी में मिट्टी में गए हुए थे, उनकी पत्नी अपनी 10 वर्षीय नातिन के साथ दोपहर में खाना बना रही थी। उसी बीच अचानक छप्पर के मकान में आग लग गई आग के लपटें देख लोग गुहार लगाना शुरू किया गुहार की आवाज सुनकर जब घर में खाना बना रही हंसराजी घर के बाहर निकली तो देखी कि उनका घर जल रहा है।लोग बाल्टी से आग बुझाने में जुटे लेकिन काफी ऊंचाई के चलते बल्टी का पानी वहां तक नहीं पहुंच पा रहा था, आग की लपटें तेज होती जा रही थी। इस मौके पर मौके पर पहुंचे ओमप्रकाश सिंह ने आग लगने की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड के दीवान विजय प्रकाश द्विवेदी, वाहन चालक पंच बहादुर सिंह, फायरमैन विकास चंद्र व मनोज कुमार पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। लेकिन जब तक आग पर काबू पाते तब तक घर में रखी लाखों रुपए की घर गृहस्थी जलकर राख हो गई। अग्नि पीड़ित परिवार ने बताया कि घर में रखे अनाज समेत अन्य सामान भी जल गए हैं अब हमारे पास कुछ खाने के लिए भी नहीं बचा है।घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे कुमारगंज बाजार मालिक विजय कुमार उपाध्याय ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने की बात कही। उपखंड अधिकारी विद्युत कुमारगंज संतोष कुमार का कहना है कि घटना की जानकारी मुझको नहीं है फिलहाल यदि घर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है तो उसमें मैं क्या कर सकता हूं।

## साइबर अपराध को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय साइबर अपराध से बचाव को लेकर रौनाही पुलिस ने विशेष जागरूकता अभियान छेड़ रखा है। गुरूवार को रौनाही थाने के एसएसआई सोहेल खान के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाया।इस दौरान ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर मौजूद एसएसआई सोहेल खान ने बताया कि ऑनलाइन ठगी के शिकार व्यक्ति 1930 साइबर क्राइम की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करें। उन्होंने कहा कि फेसबुक, इंस्टाग्राम पब्लिककी तौर पर न रखें और न ही ओटीपी, इवीवी, एटीएम, पिन और आधार नंबर किसी को शेयर करें। पर्सनली डिटेल छुपा कर रखें। सोशल मीडिया पर प्राइवेसी अपलोड न करें। एटीएम, पैन कार्ड, आधार कार्ड से संबंधित जानकारी किसी को भी न दें। व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से आए लिंक को क्लिक न करें। इस अवसर पर एसआई अश्वनी कुमार,अमित कुमार, हेड कांस्टेबल धीरेंद्र कुमार, अरुण, इंद्रेश सहित महिला कांस्टेबल अंजलि सिंह के अलावा तहसील में सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं के साथ वादकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।